Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 23 नवंबर, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-23-november-2020

सौर ऊर्जा कपड़ा मिल

महाराष्ट्र के परभणी ज़िले में **एशिया की पहली सौर ऊर्जा संचालित कपड़ा मिल** शुरू की जाएगी। इस परियोजना के माध्यम से '**जय भवानी महिला सहकारी कपड़ा मिल**' एशिया की पहली सौर ऊर्जा संचालित कपड़ा मिल बन जाएगी। इस परियोजना के चलते आस-पास के क्षेत्रों में रहने वाली तमाम महिलाओं को रोज़गार के नए अवसर मिल सकेंगे। तीस एकड़ भूमि में फैली इस कपड़ा मिल में कपास से कपड़ा बनाने का कार्य किया जाएगा और इस कार्य के लिये स्वयं परभणी से ही उत्तम किस्म की कपास खरीदी जाएगी। ध्यातव्य है कि परभणी महाराष्ट्र का प्रमुख कपास उत्पादक ज़िला है। यहाँ कपास उत्पादन को एक लाभदायक निवेश के रूप में देखा जाता है, यही कारण है कि इस क्षेत्र के अधिकांश किसान कपास की खेती करते हैं। इस परियोजना की लागत तकरीबन 100 करोड़ रुपए है और मिल के परिचालन से निश्चित रूप से ज़िले में औद्योगिक क्षेत्र को गति मिलेगी। इस मिल में बहुत सारी गतिविधियाँ संपन्न की जाएंगी, जिसमें कपास की जिनिंग, प्रेसिंग, बुनाई और कताई आदि शामिल हैं।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट हेतु खिलाड़ियों की न्यूनतम आयु

खिलाड़ियों की सुरक्षा में सुधार के लिये अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने नया नियम जारी करते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने की न्यूनतम आयु निर्धारित कर दी है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) द्वारा जारी नियमों के मुताबिक, 15 वर्ष से कम उम्र के किसी भी खिलाड़ी को किसी भी पुरुष या महिला या अंडर-19 (U-19) अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इन नियमों का मुख्य उद्देश्य युवा खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने कहा कि अपवाद की स्थिति में कोई भी देश परिषद के समक्ष अपील कर सकता है। ऐसे खिलाड़ियों को अनुमति देते समय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उनके खेल के अनुभव और मानसिक विकास जैसे कारकों पर ध्यान दिया जाएगा, साथ ही यह भी देखा जाएगा कि खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के दबाव को झेलने में सक्षम है अथवा नहीं। ध्यातव्य है कि अब तक ऐसे केवल 3 ही मामले सामने आए हैं, जहाँ 15 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने देश का प्रतिनिधित्व किया है, इसमें हसन रज़ा (पाकिस्तान), एम. घेरसिम (रोमानिया) और मीत भावसार (कुवैत) शामिल हैं।

गिरीश चंद्र मुर्मू

भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (CAG) गिरीश चंद्र मुर्मू को तीन वर्ष के कार्यकाल के लिये जिनेवा स्थित अंतर-संसदीय संघ (IPU) का बाह्य लेखापरीक्षक (External Auditor) चुना गया है। ध्यातव्य है कि भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (CAG) पूर्व में विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय संगठनों जैसे- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) आदि के बाह्य लेखापरीक्षक के रूप में कार्य कर चुके हैं। बाह्य

लेखापरीक्षक के रूप में भारत का नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (CAG) संगठन के संचालन में अधिक पारदर्शिता, दक्षता एवं प्रभावशीलता लाने में सहायता करेगा। अंतर-संसदीय संघ (IPU) अलग-अलग देशों की संसदों (Parliaments) का एक वैश्विक संगठन है, जिसकी शुरुआत वर्ष 1889 में एक छोटे समूह के रूप में हुई थी और वर्तमान में यह अलग-अलग देशों की संसदों के एक वैश्विक संगठन के रूप में विकसित हुआ है। वर्तमान में इस संगठन में कुल 179 सदस्य देश शामिल हैं।

तुंगभद्रा पुष्करालु

मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने तुंगभद्रा नदी के सम्मान में आयोजित 12 दिवसीय तुंगभद्रा पुष्करालु त्योहार की शुरुआत की है। इस त्योहार का आयोजन तब किया जाता है, जब बृहस्पति मकर राशि में प्रवेश करता है। यह त्योहार इस दृष्टि से काफी महत्त्वपूर्ण है कि इसका आयोजन प्रत्येक 12 वर्ष की अवधि में एक बार किया जाता है। ध्यातव्य है कि भारतीय उपमहाद्वीप में कई नदियाँ बहती हैं और उनमें से प्रत्येक का अपना विशिष्ट महत्त्व है।